राष्ट्रीय सहारा

फैशनेबल यूनिफार्म में दिखेंगे केंद्रीय विद्यालय के छात्र

राकेश नाथ/एसएनबी 05/07/12

केंद्रीय विद्यालय की स्पोर्ट्स यूनिफॉर्म (बाएं) और जूनियर गर्ल्स की विंटर यूनिफॉर्म। *फोटो : एसएनबी*

नई दिल्ली। देशभर के केंद्रीय विद्यालयों के बच्चे 49 साल बाद नई फैशनेबल और आकर्षक यूनिफॉर्म में नजर आएंगे। स्कूलों में शुरुआती स्तर पर पहली कक्षाओं के बच्चे अगस्त 2012 तक नई यूनिफॉर्म में दिखेंगे। केंद्रीय विद्यालय (केवी) के विद्यार्थियों के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (निफ्ट) द्वारा तैयार की गई नई आकर्षक यूनिफॉर्म तैयार कर ली गई है। यूनीफार्म को स्कूलों में लागू कर दिया गया है। गर्मियों और सर्दियों के लिए अलग-अलग तैयार की गई है। स्कूलों में बुधवार के लिए स्पोर्ट्स यूनिफॉर्म तैयार की गई है। बुधवार को सफेद शर्ट, पैंट व स्कर्ट की जगह चार रंगों ब्लू, ग्रीन, रेड व येलो टीशर्ट और ब्लैक ट्राउजर में स्टूडेंट्स नजर आएंगे। स्कूलों में सोमवार से शुक्रवार ब्लैक और शनिवार को सफेद पीटी जूतों की जगह हर दिन ब्लैक जूते चलेंगे। यूनिफॉर्म की कीमत करीब तीन हजार से 3500 रुपए होगी। शुरुआती स्तर पर पहली कक्षा के विद्यार्थी इस यूनिफॉर्म में अगस्त तक नजर आने लगेंगे। दूसरी से 12वीं तक के विद्यार्थियों को यह नई यूनिफॉर्म पहनने के लिए 2014 तक का लक्ष्य रखा गया है। निफ्ट द्वारा नई यूनिफॉर्म छह महीने में तैयार की गई है। यूनिफॉर्म तैयार करने के लिए 10 रीजन में सर्वे किया गया जिसमें इस तरह की यूनिफॉर्म किसी और स्कूल में न हो इसे देखा गया। निफ्ट द्वारा इस नई फैशनेबल यूनिफॉर्म तैयार करने में 18 लाख रुपए की लागत आई है। संगठन आयुक्त अविनाश दीक्षित ने बुधवार को इस नई फैशनेबल यूनिफॉर्म को लांच किया।

- **49 साल बाद हुआ चेंज**
- **अगस्त तक पहली कक्षाओं में नई यूनिफॉर्म में नजर आएंगे नौनिहाल**
- **2 से 12 कक्षाओं के स्टूडेंट्स 2014 तक दिखेंगे नई यूनिफॉर्म में**
- **समर और विंटर दोनों के लिए अलग-अलग यूनिफॉर्म**

केंद्रीय विद्यालय संगठन के आयुक्त अविनाश दीक्षित ने बताया कि देशभर में 1089 केंद्रीय विद्यालय हैं जिनमें करीब 10.6 लाख विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। केंद्रीय विद्यालयों में शुरू से अभी तक एक ही तरह की यूनिफॉर्म चल रही है, जिसमें अभी तक कोई बदलाव नहीं किया गया है। केंद्रीय विद्यालय चाहता था कि उनके स्कूल के बच्चे अन्य स्कूलों के बच्चों से अलग दिखें। केंद्रीय विद्यालयों की यूनिफॉर्म की तरह कई अन्य स्कूलों में भी यूनिफॉर्म हो चुकी थी। इस कारण केंद्रीय विद्यालय संगठन ने यूनिफॉर्म में बदलाव करने की योजना बनाई, जिसका जिम्मा निफ्ट को दिया गया। निफ्ट ने छह महीने के भीतर दस रीजन में सर्वे किया था जिनमें जम्मू, सिल्चर, चेन्नई, अहमदाबाद, भोपाल, मुम्बई, गोवहाटी, दिल्ली और देहरादून आदि शामिल हैं। सर्वे के बाद निफ्ट ने केंद्रीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए नई यूनिफॉर्म तैयार की है। दीक्षित ने बताया कि शुरुआती स्तर पर केवल पहली कक्षा के विद्यार्थियों को नई यूनिफॉर्म पहनना होगा। नई यूनिफॉर्म के एक-एक सैम्पल को सभी स्कूलों और रीजन कार्यालय में भेजा जाएगा। जहां यूनिफॉर्म तैयार करने वाले दुकानदार इसे देखकर तैयार करेंगे। उन्होंने बताया कि संगठन प्रयास कर रहा है कि इस नई यूनिफॉर्म को पेटेंट कराया जाए, जिससे कोई अन्य स्कूल इसकी कॉपी न कर ले।

कैसी होगी नई यूनिफॉर्म

समर यूनिफॉर्म गर्ल्स : रेड, ब्लू व्हाइट चेक्स में फ्रॉक।

छात्रों के लिए : रेड, ग्रे व्हाइट चेक्स में शर्ट व ब्लू शर्ट।

विंटर यूनिफॉर्म गर्ल्स : रेड, ब्लू व्हाइट रंगों की चेक शर्ट व ब्लैक फ्रॉक।

छात्रों के लिए : रेड, ब्लू व्हाइट रंगों की चेक शर्ट, ग्रे जैकेट व ब्लैक पेंट्स

स्पोर्ट्स ड्रेस : ब्लू, ग्रीन, रेड व येलो टीशर्ट और ब्लैक ट्राउजर।